# UP Board Class 10 Social Science Question Paper 2018

**2018**
**सामाजिक विज्ञान**
**केवल प्रश्न-पत्र**
**(ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत, पर्यावरण अध्ययन, नागरिक जीवन एवं आर्थिक विकास)**

समय : तीन घण्टे 15 मिनट पूर्णांक : 70

**सामान्य निर्देश:**

**(i)** प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

**(ii)** यह प्रश्न पत्र खण्डों - क एवं ख में विभाजित है। प्रत्येक खंड के सभी प्रश्नों को एक साथ हल करना आवश्यक है। प्रत्येक खण्ड का उत्तर नए पृष्ठ से प्रारम्भ किया जाए।

**(iii)** प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।

**(iv)** प्रश्न पत्र में चार प्रकार के प्रश्न हैं - बहु विकल्पीय, अति लघु उत्तरीय, लघु उत्तरीय व विस्तृत-उत्तरीय, जिनके सम्बन्ध में निर्देश उनके प्रारम्भ में दिए गए हैं।

**(v)** क तथा ख खण्डों हेतु दिए गए मानचित्रों को उत्तर पुस्तिका में मजबूती के साथ सलग्न करना आवश्यक है।

**(vi)** दृष्टिबाधिता परीक्षार्थियों के लिए मानचित्र-कार्य के स्थान पर अलग अलग से खण्ड क में प्रश्न संख्या 14 तथा खण्ड ख में प्रश्न संख्या 28 के उत्तर लिखने के लिए दिए गए हैं।

**खण्ड क**
**(बहु विकल्पीय प्रश्न)**

**निर्देश :** निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए चार विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए।

**1.** टेलीस्कोप का आविष्कार किसने किया?

**(अ)** गैलीलियो
**(ब)** न्यूटन
**(स)** जेम्स वाट
**(द)** स्टेफेन्सन

**2.** इंग्लैंड की 'रक्तहीन क्रांति' की घटना कब घटित हुई ?

**(अ)** 1649 ई.
**(ब)** 1688 ई.
**(स)** 1685 ई.
**(द)** 1690 ई.

**3.** संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा द्वितीय विश्व युद्ध में सम्मिलित होने का तात्कालिक कारन था

**(अ)** नाजियों द्वारा पोलैंड पर आक्रमण
**(ब)** जापान द्वारा पर्ल हार्बर पर आक्रमण
**(स)** इटली द्वारा अल्बानिया पर आक्रमण
**(द)** हिटलर द्वारा रूस पर आक्रमण

**4.** देशी रियासतों के एकीकरण में किसने महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह किया ?

**(अ)** महात्मा गाँधी
**(ब)** सरदार बल्लभभाई पटेल
**(स)** डॉ. राजेंद्र प्रसाद
**(द)** सुभाष चंद्र बोस

**5.** सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्य देशों की संख्या है

**(अ)** 5
**(ब)** 10
**(स)** 15
**(द)** 12

**6.** 'विश्व मानवाधिकार दिवस' कब मनाया जाता है?
**(अ)** 15 दिसंबर
**(ब)** 10 दिसंबर
**(स)** 15 दिसंबर
**(द)** 25 दिसंबर

**(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)**

**7.** भारत छोडो आंदोलन क्यों प्रारम्भ किया गया? यह क्यों असफल हुआ? दो कारण बताइए।

**8.** भारत के मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति कौन करता है? उसकी दो अहर्तायें बताइए।

**9.** भारत-पाकिस्तान के मध्य विवाद का मुख्या कारन क्या है? संक्षेप में लिखिए।

**(लघु उत्तरीय प्रश्न)**

**10.** फ्रांस की क्रांति के क्या कारण थे? उनमे से किन्ही तीन का उल्लेख कीजिए।

**अथवा**

रूस की क्रांति कब हुई ? विश्व पर इसका क्या प्रभाव पड़ा? किन्ही दो प्रभावों का उल्लेख कीजिए।

**11.** गुटनिरपेक्षता का क्या अर्थ है? यह भारत के लिए क्यों आवश्यक है? किन्ही दो कारणों को लिखिए।

**अथवा**

सार्क (दक्षेस) का मुख्यालय कहाँ स्थित है? इसकी स्थापना के क्या उद्देश्य थे? उनमे से किन्ही दो को समझाइए।

**(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न )**

**12.** उन्नीसवीं शताब्दी में भारतीय नवजागरण का क्या अर्थ है? इसके किन्ही चार कारणों का वर्णन कीजिए।

**अथवा**

भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में सुभाष चंद्र बोस की क्या भूमिका थी? वर्णन कीजिए।

**13.** भारतीय संसद के उच्च सदन का क्या नाम है? इसकी निर्वाचन प्रक्रिया क्या है? यह लोक सभा से काम शक्तिशाली क्यों है?

**अथवा**

उत्तर प्रदेश की विधान षभा का गाठ चुनाव कब हुआ था? इसकी चुनाव प्रक्रिया का वर्णन कीजिए।

**(मानचित्र कार्य)**

**14.** निम्नलिखित स्थानों को भारत के लिए दिए गए रेखा मानचित्र में ⊙ चिन्ह द्वारा नाम सहित दर्शाइए। सही नाम तथा सही अंकन के लिए $\frac{1}{2}$ + $\frac{1}{2}$ अंक निर्धारित हैं।

(i) वह स्थान जहाँ भारतीय सेना का मुख्यालय स्थित है।

(ii) वह स्थान जहाँ महात्मा गाँधी पैदा हुए थे।

(iii) वह नगर जो कर्नाटक की राजधानी है।
(iv) वह नगर जहाँ उत्तर प्रदेश की विधान सभा स्थित है।

(v) वह नगर जहाँ ताजमहल स्थित है।

**(केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 14 के मानचित्र कार्य के विकल्प स्वरुप)**

**निर्देश :** निम्नलिखित प्रशनो के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए। मानचित्र का प्रयोग न कीजिए।

(i) वह स्थान जहाँ भारतीय सेना का मुख्यालय स्थित है।

(ii) वह स्थान जहाँ महात्मा गाँधी पैदा हुए थे।

(iii) वह नगर जो कर्नाटक की राजधानी है।

(iv) वह नगर जहाँ उत्तर प्रदेश की विधान सभा स्थित है।

(v) वह नगर जहाँ ताजमहल स्थित है।

## खण्ड ख
## बहु विकल्पीय प्रश्न

**निर्देश:** निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए चार विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए।

**15.** उत्तराखंड में स्थित सबसे ऊँची चोटी कौन-सही है?

**(अ)** नंगा पर्वत
**(ब)** त्रिशूल
**(स)** नंदादेवी
**(द)** मकालू

**16.** निम्नलिखित में से कौन-सी नदी अरब सागर में गिरती है?

**(अ)** कावेरी
**(ब)** पेन्नार
**(स)** कृष्णा
**(द)** साबरमती

**17.** 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में प्रति एक हजार पुरुषों पर महिलाओं की संख्या कितनी थी?

**(अ)** 930
**(ब)** 935

**(स)** 943
**(द)** 945

**18.** निम्नलिखित में से कौन सा बैंक भारत का केंद्रीय बैंक है?

**(अ)** स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया
**(ब)** भारतीय रिजर्व बैंक
**(स)** इंडियन बैंक
**(द)** इंडियन ओवरसीज बैंक

**19.** निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य जूट के उत्पादन में अग्रणी है?

**(अ)** ओडिशा
**(ब)** पश्चिम बंगाल
**(स)** बिहार
**(द)** असम

**20.** 'मुंबई हाई' का सम्बन्ध किससे है?

**(अ)** बंदरगाह
**(ब)** पर्यटन केंद्र
**(स)** पर्वतीय चोटी
**(द)** खनिज तेल

**(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)**

**21.** भारत में जाड़े में वर्षा वाले दो राज्यों के नाम बताइए।

**22.** आण्विक ऊर्जा उत्पादन के दो केंद्रों के नाम बताइए।

**23.** नगर निगमों के आय के दो साधन बताइए।

**24.** पूँजी से आप क्या समझते हैं ? पूँजी के दो महत्व बताइए।

**अथवा**

संगठन को परिभाषित कीजिए। इसके दो महत्वों पर प्रकाश डालिए।

**25.** भू-क्षरण (मृदा अपरदन) से क्या तात्पर्य है? भू-क्षरण को रोकने के लिए दो उपाय सुझाइए।
**अथवा**

वनो के तीन आर्थिक महत्व बताइए।

**(दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न)**

**26.** विकसित एवं विकासशील देशों में तीन अंतर बताइए। किसी एक विकासशील देश का वर्णन कीजिए।

**अथवा**

उद्योगों के विकास में कृषि का योगदान स्पष्ट कीजिए तथा इस प्रदेश में चीनी उद्योग के विकास के करने का वर्णन कीजिए।

**27.** कुटीर एवं लधु उद्योगों में अंतर बताइए। भारत में कुटीर उद्योगों के विकास हेतु चार महत्वपूर्ण सुझाव दीजिए।

**अथवा**

किन्ही छः कृषि निविष्टियों के महत्व की विवेचना कीजिए।

**(मानचित्र कार्य)**

**निर्देश : भारत** के दिए गए मानचित्र पर निम्नलिखिए को दर्शाइए।

**28.** (i) कावेरी नदी ⸜ चिन्ह द्वारा नाम सहित।

(ii) ईटानगर ● चिन्ह द्वारा नाम लिखिए।

(iii) झारखण्ड की राजधानी △ चिन्ह द्वारा नाम सहित।

(iv) कपास उत्पादन एक क्षेत्र ▫ चिन्ह द्वारा।

(v) इलाहाबाद से हरिद्वार तक रेलगाड़ी ┈ चिन्ह द्वारा तथा उस पर एक स्टेशन नाम सहित।

**(केवल दृष्टिबाधिता परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या २८ के मानचित्र-कार्य के विकल्प स्वरुप)**

**निर्देश:** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर-पुस्तिका में लिखिए। मानचित्र का प्रयोग न कीजिए।

(i) कावेरी नदी किन दो राज्यों से होकर बहती है?

(ii) ईटानगर किस राज्य की राजधानी है?

(iii) हीराकुंड बांध किस नदी पर बनाया गया है?

(iv) नरोरा किस लिए प्रशिद्ध है?

(v) कपास उत्पादन एक राज्य का नाम बताइए।